हर्षोल्लास से मना बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा

राष्ट्र विरोधी व सनातन विरोधी और दिमागी नक्सलवाद का जला रावण

प्रभु राम के राजतिलक के साथ हुआ रामलीला का समापन
शहर में आज निकलेगी राजा रामचन्द्र की नगर दर्शन यात्रा



लखनऊ। राजधानी के रामलीला मैदानों में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।विजय दशमी पर्व पर ऐशबाग की ऐतिहासिक राम लीला मैदान में 75 फुट ऊंचे रावण का दहन देखने के लिये हजारों रामभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिसे जहाँ जगह मिली वहीं बैठ गया बहुत से लोग रावण दहन का दृश्य देखने के लिए मैदान के बाहर की सड़कों तक पर खड़े हो गये।कोलकाता के कलाकारों द्वारा मंचित की जा रही रामलीला में जैसे ही श्रीराम के द्वारा रावण का वध किया गया , तुरंत ही मैदान में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय सिया राम का उदघोष आरंभ कर दिया।इसके उपरांत स्वदेशी आकाशीय आतिशबाजियों और जोरदार आवाज के पटाखों से सुसज्जित रावण के पुतले का दहन किया गया।रावण दहन से पूर्व आतिशबाजों द्वारा करीब डेढ घंटे तक देशी अतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। जिसे देख बच्चे खूब आनंदित दिखे।रामलीला के मंच पर रावण वध से पूर्व लक्ष्मणजी का मेघनाथ से युद्ध होना उन्हे शक्तिबाण लगना, हनुमानजी द्वारा संजीवनी बूटी हेतु द्रोणागिरि पर्वत को लाना और मेघनाथ वध जैसी प्रमुख लीलाओं का मंचन किया गया।विजयदशमी पर्व पर रामलीला के मंच पर अण्डमान निकोबार के उप राज्यपाल डॉ दिनेश शर्मा के साथ सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह की मौजूदगी में फूंका गया रावण का पुतला । पुतला दहन से पूर्व रामलीला समिति के अध्यक्ष हरीशचन्द्र अग्रवाल ने सभी अतिथियों को मंच पर अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इसी क्रम में श्रीराम लीला समिति महानगर द्वारा आयोजित 61वें रामलीला महोत्सव का भव्य समापन हो गया है। इस दौरान भगवान श्री राम और लक्ष्मण के अग्निबाणों से रावण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया।रामलीला मैदान से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा महानगर के विभिन्न सेक्टरों से होते हुए पुन: मैदान पर संपन्न हुई।अंत में समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी और महासचिव हेम पंत ने संयुक्त रूप से सभी कलाकारों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा आज ऐशबाग रामलीला के मंच पर वेदमंत्रों के साथ पंडित मंगलू पाधा द्वारा विधिविधान के साथ सपरिवार राजा रामचन्द्र के विग्रह का राज्याभिषेक एवं पूजन किया।जिसके उपरांत समापन दिवस के मंच का आरंभ समसुर रहमान नावेद के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया जिसे कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से भगवान श्रीराम को समर्पित किया।वहीं दूसरी प्रस्तुति फरवाही नृत्य की हुई जिसमे कालाकारों द्वारा लाठियों पर खड़े होकर नृत्य करतब करना दर्शकों को खूब भाया।रामलीला समिति के अध्यक्ष हरिशचन्द्र अग्रवाल ने बताया कल राजा रामचंद्र की नगर दर्शन शोभायात्रा संपूर्ण राजसी वैभव के साथ निकाली जाएगी।यह यात्रा ऐशबाग रामलीला मैदान से पीली कालोनी होते हुए वाटर वर्क्स रोड कोयला मंडी यहियागंज, राजा बाजार सुभाष मार्ग रकाबगंज नादान महल मार्ग से होते हुये वर्मा स्टॉप स्थित माता धर्मध्वजी देवी मंदिर तक जाएगी जहाँ भगवान राजा श्रीरामचन्द्र और सीता के स्वरूप में कलाकार माता धर्मध्वजी का दर्शन पूजन करेंगे।

पारिवारिक विवाद में झगड़ा शांत कराने गए चाचा ने भतीजे पर कुल्हाड़ी से किया हमला

इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

इटौंजा महिंगवा थाना के अंतर्गत सोमवार लगभग 3ः15 बजे शुक्लन पुरवा गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर झगड़ा शांत कराने गए भतीजे पर चाचा ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया था। मारपीट में वह भी चोटिल हो गया था। घटना की सूचना करन निवासी शुक्लन पुरवा ने डायल 112 पुलिस को दी थी। घायल हालत में भतीजे को रामसागर मिश्र 100 शैय्या अस्पताल बीकेटी से लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजने की कार्रवाई की गई थी। लेकिन घर के लोग निजी अस्पताल ले गए थे जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने थाना में मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक अजय मिश्रा उर्फ गुड्डन निवासी शुक्लन पुरवा से पति-पत्नी में झगड़ा हो रहा था। भतीजा दिव्यांशु मिश्र उर्फ शुभम समझाने गया था । पारिवारिक विवाद को लेकर ही सोमवार की दोपहर में अजय मिश्रा गुड्डन ने कुल्हाड़ी से भतीजे दिव्यांशु पर वार कर दिया था। जिससे वह गंभीर होकर गिर पड़ा था। जिसकी सूचना अजय मिश्रा उर्फ गुड्डन के पुत्र करन ने पुलिस को दी थी। इसके बाद मौके पर थाना की पुलिस पहुंची थी। सभी को घायल हालत में इलाज के लिए एंबुलेंस से रामसागर मिश्र सौ सैया अस्पताल बीकेटी भेजा गया था। जहां से दिव्यांशु मिश्र उर्फ शुभम को डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया था। लेकिन घर वाले इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए थे। जहां मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई थी । पुलिस ने बताया अजय मिश्रा उर्फ गुड्डन पहले से ही अपराधिक प्रवृत्ति का आदमी है। मृतक पिता संजय मिश्र का इकलौता बेटा था। जिसके एक वर्ष का पुत्र भी है। थाना प्रभारी राधेश्याम मौर्य ने बताया मृतक की पत्नी गरिमा मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी।

जादू-टोने का झांसा देकर महिला से जेवर ठगे

मलिहाबाद। दो शातिर टप्पेबाजों ने जादू-टोने और सम्मोहन का जाल बुनकर एक महिला से करीब 90 हजार रुपये के सोने के जेवर ठग लिए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताते चले कि पुष्पा पत्नी रामलखन निवासिनी ग्राम माधवपुर मजरा कसमंडी खुर्द थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ 20 अक्टूबर को दोपहर गैस लेने के लिए मधवापुर पावर हाउस की ओर जा रही थीं। रास्ते में दो अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया।आरोप है कि युवकों ने महिला से कहा कि उसके जेवरों में दोष है और उस पर ऊपरी हवा का असर है। इसी तरह की बातों में उलझाकर और हाथों से अजीब इशारे कर उन्होंने महिला को सम्मोहित कर लिया।जब महिला घबरा गई तो मौका पाकर दोनों ने उसके गले से सोने की माला और कानों से दो सोने के बाले उतरवा लिए और झांसा देकर मौके से फरार हो गए।पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एक नजर

महिलाओं और युवतियों ने डांडिया व गरबा नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी



लखनऊ। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में विजय दशमी के अवसर पर रघुवर मैरिज लॉन चांदन रोड इन्दिरा नगर लखनऊ में आयोजित उड़ान डांडिया उत्सव में महिलाओं ने डांडिया व गरबा नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी। भक्ति संगीत से सजे कार्यक्रम का शुभारंभ गौरी-गणेश पूजन के उपरान्त मुख्य अतिथि बबीता सिंह चौहान अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, विशिष्ट अतिथि पार्षद कल्पना वर्मा, पार्षद पूजा जसवानी, राहुल गुप्ता, वंदना सिंह और वरिष्ठ लोक नृत्यांगना सरिता सिंह ने दीप प्रज्जवलित और मां दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में सविता, भारती, सीमा, सपना, आभा, पियाली, कल्पना, खुशबू, शालिनी, नीरज, हेमलता, निशा, आकांक्षा, अक्की, नीरज, स्वरा, किरण, अर्पित, प्रिया सहित अन्य महिलाओं ने धरती गगन में होती है तेरी जय-जयकार मां पर आकर्षक डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर भगवती देवी दुर्गा के चरणों में अपनी अगाध श्रद्धा अर्पित की।

आनंद का मतलब धन संपत्ति नहीं-शंकरदास

लखनऊ। जनमानस का यह मानना गलत है कि धन से आनंद आता है।धन से आनंद नहीं कष्ट आता है। जैसे सूर्य के सामने अंधकार नहीं आ सकता वैसे ही किसी के जीवन में राम है तो उसके जीवन में कष्ट नहीं आ सकता।यह बात शंकरदास ने कुंडरी रकाबगंज स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्री राम कथा के तीसरे दिन कहीं। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम सच्चिदानंद है। यदि आनंद ही आनंद चाहिए तो प्रभु राम को अपने जीवन में ले आओ।जब प्रभु राम का प्राकट्य हुआ तो सारे संसार में आनंद छा गया।यदि किसी के जीवन में राम का प्राकट्य होता है। उसके जीवन में आनंद छा जाता है।आनंद का मतलब धन या संपत्ति नहीं है। सच्चा आनंद प्रभु की भक्ति में लीन हो जाना है। उन्होंने कहा जब जीवन में प्रभु आ जाते है तो धन संपत्ति से मोह भंग हो जाता है। मीरा, बुद्ध जैसे कई लोगों ने प्रभु के लिए धन संपत्ति को ठोकर मार दी। माया में मोह होने का मतलब अभी प्रभु हमसे दूर है।शंकर जी ने पार्वती को रामकथा सुनाते हुए कहते है कि रामकथा प्रभु को पाने का सर्वोत्तम रास्ता है।सबको प्रतिदिन रामकथा का गुणगान करना चाहिए।

मनाई गई अतुल प्रसाद सेन कि जयंती



लखनऊ।आधुनिक लखनऊ के निर्माता प्रख्यात बंगाली कवि, शिक्षाविद्, वकील, गायक, संगीत निर्देशक, राष्ट्रवादी और समाजसेवी अतुल प्रसाद सेन की 155वीं जयंती *अतुल उपवन, नगर निगम कार्यालय के सामने, लालबाग में धूमधाम से लखनऊ बंगीय नागरिक समाज द्वारा संयोजक पी के दत्ता के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर समाज द्वारा इस वर्ष 5 श्री श्री दुर्गा पूजा पुरस्कार प्रदान किए गए जिसमें लालबाग पूजा समिति,बादशाह नगर पूजा समिति,कैंट पूजा कमेटी,राजाजी पूजा कमेटी और,आनंद नगर पूजा समिति को पी के दत्ता के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं सम्मानित होने वाली हस्तियों में आर.एस. निगम, श्रीमती महुआ चटर्जी, अभिषेक मिश्रा, कृष्णानंद रॉय, अमित कश्यप, एकता गुप्ता, आशीष रॉय, देब नाथ (सुंदरबन, कोलकाता), निहार डे, अमित बोस, डी.के. हलदार रहे जिन्हें मोमेंटो, प्रमाण पत्र, मेडल, शॉल और तुलसी के पौधे देकर सम्मानित किया गया। लालबाग पूजा समिति के सदस्यों ने इस आयोजन में भरपूर सहयोग और सहकारिता प्रदान की। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ रत्ना बापुली द्वारा किया गया।

रेलवे स्टेशन पर स्पेशल केम्पेन 6.0 के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ,। पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रावाल के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण मण्डल में 'स्पेशल केम्पेन 6.0' के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में गोण्डा जं0 स्टेशन पर वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) आशीष कुमार मद्धेशिया के नेतृत्व में स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गयी तथा रेल जन संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान यात्रियों से संवाद स्थापित कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा स्टेशन परिसर में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाल कर यात्रियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने, कूड़े को कूड़ेदान में ही डालने तथा कपड़े की थैली का प्रयोग करने हेतु आग्रह किया गया। इस अवसर पर एरिया मैनेजर, स्टेशन अधीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं अन्य रेल कर्मचारी उपस्थित रहे। लखनऊ मण्डल स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुंदर रेल परिसर हेतु निरंतर प्रयासरत है।

चेहल्लुम की मजलिस आज

लखनऊ। राजधानी के नक्खास के बाग मक्का स्थित तिब्बती मस्जिद में कल जुमेरात को रात्रि आठ बजे मरहूम हैदर अब्बास नकवी के चेहल्लुम की मजलिस होगी।इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुये आशिक अब्बास नकवी ने बताया कि इस मजलिस को मौलाना फ़ैज़ अब्बास मशहदी खिताब करेंगे।

स्टारलिंक का लाइसेंस रद्द करे केन्द्र सरकार

लखनऊ। स्वदेशी व्यापारी मंच के राष्ट्रीय सह-संयोजक एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने स्टारलिंक जैसी विदेशी सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं के संदर्भ में भारतीय डेटा की सुरक्षा, राष्ट्रीय संप्रभुता तथा देश के व्यापार एवं उद्यम जगत के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुये केंद्र सरकार से स्टारलिंक के लाइसेंस को रद्द किये जाने की मांग किया।

स्नातक एमएलसी पर प्रत्याशी विजय कुमार बंधु को ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने दिया समर्थन

लखनऊ। विधान परिषद की लखनऊ स्नातक सीट पर पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के नेता विजय कुमार बंधु को ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट में समर्थन दिया है। जारी बयान में फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने कहा कि आज नई पीढ़ी ने जबावदेह सरकार की बात उठाई है जिसे सदन में विजय कुमार बंधु पूरा करेंगे। सरकार चाहे जिसकी हो सदन में शिक्षा-स्वास्थ्य, रोजगार, पुरानी पेंशन और रिक्त पदों पर भर्ती जैसे जन मुद्दे उठाए जायेंगे और उस पर सरकार की जबावदेही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा जहां विधान परिषद बौद्धिक लोगों का सदन माना जाता था वहां अब दुखद स्थिति है कि वह माफियाओं और धनबलियों के लिए चोर दरवाजे से सदन में पहुंचने का माध्यम बन गया है। शिक्षक व आंदोलनकारी विजय बंधु की जीत विधान परिषद की गरिमा की पुनर्वापसी करेगी। उन्होंने मतदाताओं से दलगत भावना से ऊपर उठकर विजय बंधु की जीत सुनिश्चित करने के लिए मत देने की अपील की।

शस्त्र पूजन के साथ मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

बंथरा। अट्ठाईसा क्षत्रिय चेतना समिति, सरोजनीनगर की ओर से आयोजित शस्त्र पूजन एवं प्रतिभाशाली छात्र सम्मान समारोह बंथरा क्षेत्र के नरायनपुर स्थित शिवसागर गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एसपी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शस्त्र पूजन किया गया और बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, डेढ़ साल पहले हुई थी शादी

मौत की वजह स्पष्ट नहीं, पुलिस जांच में जुटी; पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

बंथरा। बंथरा थाना क्षेत्र के लोनहा गांव में बुधवार को 25 वर्षीय स्मिता उर्फ निधि पत्नी अतुल नाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मृतका का विवाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व अतुल पुत्र अशोक कुमार के साथ हुआ था।पुलिस के अनुसार, घटना के समय मृतका के मायके और ससुराल पक्ष के लोग मौके पर मौजूद थे। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। महिला ने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस अधिकारियों को सूचना देने के साथ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

बीच चौराहे पर दुकानदार ने महिला को पीटा ,विरोध किया तो मोबाइल भी तोड़ा

इटौंजा लखनऊ इटौंजा थाना के अंतर्गत ओवर ब्रिज चौराहा पर एक महिला चाट की दुकान पर चाट खाने गई थी तभी चम्मच मांगने पर विवाद हो गया। दुकानदार से गाली गलौज होने पर मामला भड़क गया। दुकानदार ने महिला की पिटाई कर दी। महिला का मोबाइल भी तोड़ दिया500रुपए भी उसके रख लिए। ग्राम कटका थाना अतरौली जनपद हरदोई की निवासी कौशल्या का आरोप है कि वह अपने घर थाना अटरिया के बिरसिंहपुर गांव गई थी। उसकी बेटी दुर्घटना में घायल हो गई थी। उसका इलाज चल रहा है जिसे देखने गई थी। वहां से वापस आने पर इटौंजा थाना चौराहा ओवर ब्रिज के पास सोनू चाट की दुकान पर चाट खाने लगी। इसके बाद एक अलग से चम्मच मांगा तो दुकानदार भड़क गया। विरोध करने पर गाली गलौज करने लगा। इसके बाद महिला को थप्पड़ों से पीट दिया। विरोध किया तो मोबाइल भी तोड़ दिया। हाथ पकड़ कर खदेड़ दिया। महिला ने तहरीर देकर इटौंजा थाना में शिकायत की है। यह भी आरोप है कि चाट का पैसा देने के लिए 500रुपए दिए थे वह भी दुकानदार ने रख लिया। वापस नहीं किया। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया दुकानदार के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है

एसएसबी मुख्यालय में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया

लखनऊ। राजधानी के गोमतीनगर स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के सीमांत मुख्यालय में बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान महानिरीक्षक मीनू चौधरी ने वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समारोह में शहीदों के सम्मान में शोक सलामी दी गई। इसके बाद पाइप बैंड की धुन के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कर्तव्य निर्वहन के दौरान प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों के नामों का वाचन किया गया। महानिरीक्षक मीनू चौधरी सहित वरिष्ठ अधिकारियों और बल के जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के साहस, वीरता और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया। कार्यक्रम में राष्ट्र की सुरक्षा, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया गया।

नौकरी पर वापसी न होने पर एम्बुलेंस टेक्नीशियन का धरना

लखनऊ,। राजधानी में बुधवार को ळटज्ञ म्डत्प् ऑफिस के बाहर बुधवार को एम्बुलेंस टेक्नीशियन धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रदेश के कई जिलों से बड़ी संख्या में टेक्नीशियन पहुंचे। इनका आरोप है कि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के कहने के बाद भी कंपनी उन्हें नौकरी पर वापस नहीं रख रही है। इसी के विरोध में कर्मचारियों ने नारेबाजी शुरू कर दी। टेक्नीशियन ने कंपनी के अधिकारियों से बात करने की कोशिश की, लेकिन कोई मिलने को तैयार नहीं हुआ। धरने की अगुवाई कर रहे शरद यादव ने दावा किया कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों से करीब 3 से 4 हजार टेक्नीशियन लखनऊ पहुंचे हैं। उनका आरोप है कि कंपनी ने बिना कोई ठोस कारण बताए उन्हें नौकरी से निकाल दिया था। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शरद यादव ने कहा कि डिप्टी सीएम ने हमें आश्वासन दिया और कहा कि कंपनी से बात हो गई है, हमारे सामने कंपनी को फोन किया गया

इंटरसिटी एक्सप्रेस पर फेंके गए पत्थर, केस दर्ज

लखनऊ/अमेठी,/। जिले में बीती रात वाराणसी से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस (24203) पर अज्ञात युवक ने पथराव कर दिया। इस घटना में ट्रेन का गार्ड हरिकेश घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अमेठी सीएचसी ले जाया गया। पथराव से ट्रेन का शीशा भी टूट गया। घटना के बाद ट्रेन करीब 15 मिनट तक अमेठी रेलवे स्टेशन पर रुकी रही, फिर लखनऊ के लिए रवाना हुई। यह घटना रात करीब 8.50 बजे अमेठी रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर बिराहिमपुर गांव के पास हुई। गार्ड हरिकेश की शिकायत पर अज्ञात पत्थरबाज के खिलाफकेस दर्ज किया गया है। जीआरपी चौकी प्रभारी किशन बिंद ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

ऐशबाग मनोरंजन संस्थान में भव्य 'डांडिया नाइट्स' कार्यक्रम का आयोजन



लखनऊ, । पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा कर्मचारी कल्याण एवं पारिवारिक सौहार्द को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रामनवमी के पावन अवसर पर ऐशबाग मनोरंजन संस्थान में 'डांडिया नाइट्स उत्सव 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल एवं अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन, लखनऊ श्रीमती श्रुति गुप्ता की उपस्थिति रही। उनकी उपस्थिति में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने परिवारजनों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। ढोल-नगाड़ों की थाप पर पूरे परिसर में उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस दौरान डांडिया नृत्य के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन सुश्री प्रिया पुरवार द्वारा किया गया।

महिला से मारपीट, छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार, रानीखेड़ा निवासी उमेश कुमार पुत्र भीम्मा यादव ने शिकायत में आरोप लगाया है कि बीते रविवार को सुबह रास्ते के विवाद को लेकर विपक्षी एकराय होकर उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करने लगे।

एस डी एम ने आरा मशीनों पर की छापेमारी, रजिस्टर गायब मिलने से हड़कंप

मलिहाबाद । क्षेत्र में बेखौफ चल रहे अवैध लकड़ी कटान के खेल पर आखिरकार प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उपजिलाधिकारी मलिहाबाद अपराजिता आर्यन ने मंगलवार को खुद एक्शन में दिखीं और सदरपुर स्थित आरा मशीनों पर औचक छापा मार दिया। बताते चलें कि मलिहाबाद क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटान पर प्रशासन सख्त हो गया है मंगलवार को उप जिलाधिकारी अपराजिता आर्यन ने आरा मशीनो पर छापेमारी की तो लकड़ी का चल रहा काला कारोबार सामने आने लगा। **छापे में खुली पोल ,न रजिस्टर, न हिसाब** उप जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण से आरा मशीन संचालकों में हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक निरीक्षण के दौरान आरा मशीन पर रखा लकड़ी का स्टॉक बिना किसी वैध अभिलेख के पाया गया। नियमानुसार मेंटेन किया जाने वाला स्टॉक रजिस्टर मौके से नदारद मिला।

भुनी मूंगफली पर मंडी शुल्क वसूली का विरोध

व्यापारियों ने की उत्पीड़न रोकने की मांग

लखनऊ। राजधानी में आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने बिना गजट नोटिफिकेशन के भुनी मूंगफली पर मंडी शुल्क वसूली का विरोध करते हुये नगर अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल एवं नगर महामंत्री योगेन्द्र सिंह ने राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद मंडी के मंडी डायरेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भुनी मूंगफली एवं मूंगफली दाना पर मंडी शुल्क की वसूली को लेकर कड़ी आपत्ति जताते कहा कि इस मामले में स्पष्ट वैधानिक स्थिति निर्धारित न होने के कारण व्यापारियों के उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगायी जाये।नगर महामंत्री योगेन्द्र सिंह ने कहा कि उपनिदेशक डीडीए द्वारा 12 अक्टूबर को कच्ची एवं भुनी मूंगफली को एक समान मानकर शुल्क वसूलने संबंधी आदेश जारी किये गये है। व्यापारियों ने आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा आवश्यक राजपत्र अधिसूचना गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया।केवल विभागीय आदेश के आधार पर किसी वस्तु को मंडी शुल्क के दायरे में लाना वैधानिक नहीं है।क्योंकि कच्ची मूंगफली एक कृषि उपज है, जबकि भुनी मूंगफली को भूनने की प्रक्रिया से तैयार किया जाता है। इसका उपयोग सीधे खाने योग्य खाद्य पदार्थ के रूप में होता है। इसलिए दोनों की कानूनी एवं कर संबंधी स्थिति का निर्धारण संबंधित अधिनियम, अनुसूची और लागू अधिसूचनाओं के आधार पर किया जाना चाहिए।

नैमिषारण्य के 84 कोस परिक्रमा पथ के हर कोस पर होगा हरिशंकरी का रोपण

24 को नैमिषारण्य से शुरू होगी परिक्रमा यात्रा-पवन सिंह चौहान



लखनऊ। लोक भारती उत्तर प्रदेश में स्थित चारों परिक्रमा पथों अयोध्या, मथुरा,नैमिषारण्य व चित्रकूट के हर कोस पर हरिशकरी (पीपल,बरगद,पाकड़,) रोपित कर उनको हरिशंकरी की माला पहनायेगा। यह जानकारी यात्रा प्रभारी लोक भारती के अवध क्षेत्र के अध्यक्ष पवन सिंह चौहान(एमएलसी) ने दी। उन्होने बताया प्रथम चरण में आगामी 24 से 29 अक्टूबर तक एक यात्रा का आयोजन नैमिषारण्य के 84 कोस के परिक्रमा पथ पर किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक कोस का नामकरण प्रतिनिधि ऋषि के नाम से पूज्य संतों एवं जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में समाज के द्वारा हरिशंकरी रोपण किया जायेगा। हर कोस पर लगने वाले हरिशंकरी को भविष्य में कोस पड़ाव के रूप में स्थापित किया जाएगा । इस दौरान लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेन्द्र पाल सिंह ने बताया हर कोस पड़ाव पर शासन के द्वारा प्रकाश, जल, प्रशाधन एवं बैठने की व्यवस्था की मांग की जाएगी। इन हरिशंकरी का रोपण समाज के सभी वर्गों को आमंत्रित कर शासन व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। जबकि लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव गोपाल उपाध्याय ने बताया परिक्रमा का उद्घाटन 24 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ पर हरिशंकरी रोपित करके प्रारंभ होगा तथा हर कोस पर हरिशंकरी लगाते हुए यात्रा के स्वरूप में 29 अक्टूबर को समाप्त होगा। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर जनसभाएं एवं उत्सवों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री, स्थानीय जनप्रतिनिधि व संतगणों को आमंत्रित किया गया है । इससे पूर्व में लोक भारती मथुरा के गोवर्धन परिक्रमा पथ एवं चित्रकूट के कामदगिरी परिक्रमा पथ पर हरिशकरी रोपित कर चुका है। अवध प्रान्त सयोजक लोक भारती कमलेश सिह ने यात्रा मार्ग की जानकारी देते हुए बताया यात्रा 24 को चक्रतीर्थ नैमिषारण्य से प्रारम्भ होकर कोरौना द्वारिकाधीश, हरैया, नगवों कोथाँवाख गिरधरपुर उमरारी, साक्षी गोपालपुर, देवगवा, मंडरुआ, जरिगंवा, नैमिषारण्य वप बरेठी होते हुए मिश्रिख पर समाप्त होगी।